नस्लीय समानता को बढ़ावा देने पर
मौजूदा और नियोजित उपाय

हांग कांग विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पार्क निगम

विज्ञान पार्क, इनोसेंटर और औद्योगिक संपदाओं से युक्त हांग कांग विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पार्क निगम (एचकेएसटीपी), एक वैधानिक निकाय है जो हांग कांग और इस क्षेत्र को सामाजिक और आर्थिक लाभ पहुंचाने के लिए हितधारकों को जोड़ने, प्रौद्योगिकी से जुड़ी प्रतिभाओं को प्रशिक्षित करने, सहयोग को सुगम बनाने, और नवाचारों को प्रोत्साहित करने के लिए एक जीवंत नवाचार व प्रौद्योगिकी परितंत्र का निर्माण करने हेतु समर्पित है।

संबंधित सेवाएं	• वतकमान मेंएचके एसटीपी द्वारा अनेक नवत्त पोषण योजनाओं का प्रबांधन ककया जाता हैजो पात्र व्यनक्तयों या कां पननयो
मौजूदा उपाय	• वैसे तो हमारे कार्यक्रमों के आवेदक अधिकतर कंपनियां होती हैं, फिर भी एचकेएसटीपी में सुनिश्चित किया जाता है कि विविध नस्ल के सभी सेवा उपयोगकर्ताओं के पास हमारी सेवाओं तक पहुँचने और उपयोग करने के समान अवसर मौजूद हों, उपयोगकर्ता के अनुरोध पर उचित भाषा सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

आगामी कार्य का मूल्यांकन	• एचकेएसटीपी द्वारा मौजूदा उपाय सख्ती से लागू किए जाते रहेंगे और प्राप्त अनुरोधों की संख्या और प्रदान की जाने वाली दुभाषिया सेवाओं के आधार पर नियमित तौर पर भाषा सेवा की आवश्यकताओं का मूल्यांकन किया जाएगा।
लागू किए गए/किए जाने वाले अतिरिक्त उपाय	• सभी सेवा केंद्रों और एचकेएसटीपी वेबसाइट पर भाषा सेवाओं की उपलब्धता का प्रचार जिससे सेवा उपयोगकर्ताओं का ध्यान इस ओर जाए। सेवा केंद्रों में "भाषा पहचान कार्ड" का प्रदर्शन जो संकेत देता हो कि भाषा की उपलब्धता उन सेवा उपयोगकर्ताओं के लिए सहायक हैं जो चीनी या अंग्रेज़ी भाषा में सीमित तौर पर बातचीत कर सकते हों। भाषा सेवाओं के लिए परिचालन दिशानिर्देशों का प्रारूप, जो सुनिश्चित करता हो कि संपूर्ण स्टाफ, विशेष तौर पर अग्रिम पंक्ति का ग्राहक सेवा स्टाफ भाषा सेवा नीतियों की जानकारी रखता हो और निर्धारित कार्य पद्धति से परिचित हो, और आवश्यकता पड़ने पर स्टाफ को समयबद्ध दिशा और सहायता प्रदान करता हो स्टाफ को प्रशिक्षण के जरिए सेवाओं, आवश्यक कौशल और तकनीकों की जानकारी देते हुए नस्लीय समानता के प्रति उनकी संवेदनशीलता और समझ को बढ़ाना जिससे वे सेवा उपयोगकर्ताओं, दुभाषियों आदि के सतह कुशलता से कार्य कर पाएं।

नस्लीय समानता को बढावा देनेपर मौजूदा और ननयोनजत उपायों सेसांबांनधत पूछताछ केनलए, कृ HKSTP सेसांपककककरें-

टेलीफोन नं.	:	2629 1818
ईमेल	:	enquiry.marketing@hkstp.org
डाक पता	:	5/F, Building 5E, 5 Science Park East Avenue, Hong Kong Science Park

हां ग कां ग विज्ञान एवं परौदयोगिकी पार्क निगम

जून 2021